उपलब्धि **सफलता पर परिजनों,रिश्तेदारो तथा जान पहचान वालों ने दी बंधाई**

पांढुरना जिले की पहली पायलट बनी हर्षिता संजय अग्रवाल

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,12 जुलाई,नगर के शास्त्री वार्ड निवासी संजय अग्रवाल की पुत्री हर्षिता ने गुजरात के भीलवाड़ा एवं भावनगर में बीते दो वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद अंतप्पायलट की परीक्षा में सफल हुई,इसकी सफलता पर इनके परिजनों,रिश्तेदार तथा जान पहचान वालों द्वारा बंधाई दी जा रहीं है,

वहीं जिलेवासी भी अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहें है।पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के शास्त्री वार्ड तीन शेर चौक क्षेत्र के निवासी संजय अग्रवाल की पुत्री हर्षिता ने बीते दो वर्षों तक गुजरात में रहते हुए पायलट बनने का प्रशिक्षण प्राप्त कर सफलता अर्जित की इसकी इस उपलब्धि पर परिजनों में हर्ष व्याप्त है,

पारिवारिक सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि हर्षिता बचपन से ही पायलट बनना चाह रहीं थी,जिसके लिए उसने बहुत अधिक मेहनत की प्राथमिक शिक्षा उसने नगर के राम शांति स्कूल से प्राप्त करने के बाद उसने कक्षा 6 से 10वीं तक की पढ़ाई सौंसर के भंसाली स्कूल में ली तथा 11 एवं 12 वी की शिक्षा सीमावर्ती महाराष्ट्र के नागपुर में करने के बाद हैदराबाद में भी उच्च शिक्षा अर्जित कर पायलट का प्रशिक्षण गुजरात के भीलवाड़ा तथा भावनगर में रहकर लिया।

हाल ही में संपन्न हुई इस पायलट की परीक्षा में हर्षिता के सफल होने पर उसके माता-पिता ने भावनगर पहुंचकर उसे बधाई दी है,पांढुरना जिले की पहली पायलट बनने पर हर्षिता के माता पिता के साथ ही परिवार,रिश्तेदारों के साथ ही पूरे जिलेवासी हर्षिता अग्रवाल की इस उपलब्धि पर अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहें है।

रसोई के बजट में महंगाई का तडका गरीब की थाली से हरी सब्जीया गायब

परिवहन कर लाई जाने वाली सब्जीयों के दाम बढे

नवभारत न्यूज
मारुड (पांढुरना) सब्जीयों की बढती कीमतो ने आम आदमी की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है , डिजल-पेट्रोल के दाम बढने से परिवहन खर्च बढ गया है जिससे सब्जीयो के दाम लगातार बढ रहे है , इसका सबसे ज्यादा असर टमाटर, पालक , हरी मिर्च और हरे धनीऐ के भाव पर देखने को मिल रहा है ,बढती मंहगाई से गृहिनीयो की रसोई का बजट बिगड गया है .

15 दिन मे दोगुना हुआ टमाटर

तहसिल के ग्रामो में लगने वाले साप्ताहिक बाजारो में टमाटर का भाव 30 रु प्रती किलो से बढ़कर 60 रु प्रती किलो पहुच गया है वही हरी मिर्च 90 रुपऐ और हरा धनीया 180 रु प्रती किलो तक पहुच गया है, गोभी , करेला , भिंडी , तोरी के दामो मे भी बढोतरी दर्ज की गई है.

पैदावार कम , परीवहन खर्च बढा।

सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि बीते दिनों लगातार जारी बारिश के कारण कई क्षेत्रो में सब्जीयों ख़राब हुई है, वही बाहर से आने वाली सब्जीयों की आवक भी कम हो गई है, इसके अलावा डिजल-पेट्रोल की दरो में हुई वृध्दी से ढुलाई पर बढते खर्च का सिधा असर बाजार भाव पर पढा है , विक्रताओं का कहना है कि फिल हाल राहत के आसार कम है.

महंगाई ने बिगाडा घर का बजट

सब्जीयों की बढती कीमतो का असर सिधे रसोई पहुचा है, कई परिवारो ने महंगी सब्जीयों की खरीदी कम कर दी है , लोग अब सस्ती सब्जीयों और दालो पर ज्यादा निर्भर होने लगे है।

चुनौती बन गया रसोई का बजट संभालना

महीलाओं का कहना है की सरकार उनको उज्वला गॅस और लाडली बहना के नाम पर गुमराह करके लुटने का काम कर रही है , पहले हर गरीब परिवार को मुफ्त में गॅस कनेक्शन दिया और अब उसकी कीमते बढा दी है, लाडली बहना के नाम पर प्रती माह 1250 रु दे रही है लेकीन आवश्यक वस्तुओं के दाम निरंतर बढा रही है , सरकार योजनाओं के नाम पर जितना खर्च नही कर रही है उससे कई गुना लोगो से कमा रही है , महंगाई का सबसे ज्यादा बोझ मध्यम एव गरीब परिवारो पर पडा है बच्चो कि पढ़ाई, बिजली बिल और अन्य खर्चो के बीच रसोई का बजट संभालना चुनौती बन गया है।

रेलवे स्टेशन के पास मां ताप्ती की प्रतिमा स्थापना समारोह 16 से

बैतूल, 12 मुलताई. पवित्र नगरी में रेलवे स्टेशन के पास स्थित नारद कुंड के समीप स्थित मंदिर में माँ तापी की नवीन दिव्य प्रतिमा स्थापना का त्रिदिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 16 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। मां ताप्ती मंदिर के परम्परागत पुजारी सौरभ जोशी ने बताया यह आयोजन माता तापी नवरात्रि उत्सव के पावन अवसर पर संपन्न होगा।प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारम्भ 16 जुलाई, प्रात: 9:00 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ होगा। शोभायात्रा ताप्ती तट से नगर भ्रमण करते हुए नारद कुंड पहुँचेगी। जहां 17 जुलाई वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन, पाठ, हवन एवं मूर्ति शयन का दिव्य आयोजन होगा, वहीं 18 जुलाई प्रात: सहस्त्रधारा अभिषेक, वैदिक विधि से प्राण-प्रतिष्ठा तथा महाआरती का भव्य आयोजन पंडित सौरभ दत्तात्रेय जोशी मुलतापी वाले के सानिध्य में संम्पन्न होगा।

आरसीएम सेवा दिवस पर रेवनाथ चौरे पार्क में वृक्षारोपण

फिटनेस ग्रुप सौसर ने मिलकर बढ़ाया हरियाली का संदेश

नवभारत न्यूज़
सौसर, 11 जुलाई. आरसीएम के सेवा, स्वास्थ्य, संस्कार के उद्देश्य को लेकर आज रेवनाथ चौरे पार्क, सौसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आरसीएम और फिटनेस ग्रुप सौसर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

इस दिन वृक्षारोपण, ब्लड डोनेशन, हाइजीन कैंप, महिला

जागरूकता जैसे विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में आज पार्क परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण में आरसीएम टेक्निकल एक्ज़ुअल श्रीमती हेमलता अशोक बाविस्टाले, श्रीमती जानकी सिरसे, श्रीमती कविता फरकड़े, श्रीमती कल्पना, सुनीता, निशा एवं चंदा जी ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श अरुण ठाकरे का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने वृक्षारोपण के लिए पौधे उपलब्ध कराए। सभी नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं, उनकी नियमित देखभाल करें और इस हरित अभियान का हिस्सा बनें।

कांग्रेस की एक दिवसीय भूख हड़ताल, पूर्ण वेतन की मांग

सारनी। नगरपालिका परिषद सारनी में कार्यरत आउटसोर्स मजदूरों को पूर्ण वेतन भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेस द्वारा एक दिवसीय भूख हड़ताल की जाएगी। इसे लेकर कांग्रेस ने तैयारी पूरी कर ली है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बर्टेश्वर भारती ने बताया कि नपा कार्यालय के सामने मजदूरों के शोषण के खिलाफ सोमवार को भूख हड़ताल की जा रही है। इसमें कांग्रेस के सभी विंग शामिल होंगे। जबकि सभा को वरिष्ठ और कनिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। ब्लाक अध्यक्ष ने बताया कि कई वर्षों से नगरपालिका, डब्ल्यूसीएल और मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी में कार्यरत ठेका मजदूर शोषण के शिकार हो रहे हैं। इसकी जानकारी आलाअफसरों को है।

डॉ .आम्बेडकर समाज समिति के दिलीप बागड़े बने अध्यक्ष

नवभारत न्यूज़
सौसर 12 जुलाई. डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर समाज प्रबोधन एवं उत्थान समिति की विशेष आम सभा एवं निर्वाचन बैठक रवीवार को संपन्न हुई। वर्ष 1984 में पंजीकृत संस्था अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। समिति का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों को शासन की मुख्य धारा से जोड़ना है। अपनी स्थापना के बाद से ही, विशेषकर 1985 से, समिति उन आदिवासी बहुल क्षेत्रों में माध्यमिक शालाएं संचालित कर रही है, जहाँ शासन की पहुंच नहीं

थी। शिक्षा के प्रति समर्पित यह अभियान पिछले चार दशकों से निर्बाध रूप से जारी है। और समिति भविष्य में भी इसे निरंतर संचालित करने के लिए प्रतिबद्ध है।आज की बैठक में भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारी देवेन्द्र बागडे की उपस्थिति में प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें दिलीप बागडे को अध्यक्ष चुना गया।

अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष अशोक भगत कीर्ति सागर बागडे,सचिव चन्द्रभान बाकड़े, कोषाध्यक्ष श्रीमती तारकेश्वरी बोरकर, संयुक्त सचिव मदन बंसोड़ निर्वाचित हुए।साथ ही, सर्वश्री लक्ष्मीदास बोरकर, राहुल बागडे,नंदाताई बागडे को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समिति के सदस्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

तेज रफ्तार बाइक डिवाडर से टकराने पर दो युवक घायल

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,12जुलाई, ग्राम राजना के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सडक़ के मध्य डिवाटर से जा टक्कराने पर बैतूल जिले के मुलताई के दो युवक घायल हो गए,जिन्हें जनसहयोग से नगर मुख्यालय के स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां इन्हें भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

नगर के शासकीय चिकित्सालय से मिली जानकारी अनुसार महाराष्ट्र के नागपुर रामटेक से अपनी बाईक से वापस अपने गृह नगर बैतूल जिले के मुलताई जा रहें थे,इसी दौरान पांढुरना नगरीय सीमा से लगे ग्राम राजना के पास नागपुर-भोपाल मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग के मध्य स्थित डिवाडर से टकराने से राहुल जैन 27 एवं शुभ पिता मनोज जैन दोनों बैतूल जिले के मुलताई निवासी है,घायल हो गए जिन्हें जन सहयोग से नगर के शासकीय चिकित्सालय लाया जहां इन्हें भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

अब सरस्वती शिशु स्कूल के छात्रों को भी दी जाएगी जे.ई.ई तथा नीट की नि:शुल्क शिक्षा

स्कूल की विद्या प्रसार शिक्षण समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया निर्णय

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,12 जुलाई, नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्रों को जे.ई.ई. तथा नीट की निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी,इसके साथ ही अतिरिक्त कक्षों का निर्माण एवं छात्रों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने सहित कई विषयों पर स्कूल की विद्या प्रसार शिक्षण समिति की वार्षिक आमसभा की बैठक में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष

भी नगर के सरस्वती स्कूल की विद्या प्रसार शिक्षण समिति की बीते दिवस स्कूल के सभाकक्ष में समिति के अध्यक्ष दत्ता भाऊ बंसोड़ की अध्यक्षता में वार्षिक आमसभा की बैठक संपन्न हुई,जिसमें सर्वप्रथम कार्यालय प्रमुख गुणवंता खोड़े द्वारा बैठक की प्रक्रिया का वाचन किया तत पश्चात सभी ने वर्ष 2025-2026 में लिए गए निर्णयों पर स्वीकृति प्रदान कर आगामी वित्तीय वर्ष 2026-2027 के अनुमानित आय व्यय के बजट की स्वीकृती द्री गई। बैठक में स्कूल के छात्रों को मूलभूत सुविधाएं देंने के लिए कई सुझावों पर चर्चा उपरांत इन्हें स्वीकृत किया गया,वहीं छात्रों को जे.ई.ई एवं नीट की निःशुल्क कक्षाओं के माध्यम से शिक्षा देंने के प्रस्तावों पर भी सभी ने अपनी सहमती दी गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष दत्ताभाऊ बंसोड़,संस्था के व्यवस्थापक जगदीश बुधराजा, कोषाध्यक्ष शैलेश शाह, सहसचिव विजयाताई बोबड़े,उपाध्यक्ष शरद बंसोड,पूर्व अध्यक्ष सुधाकर कोरड़े, रिखबचंद बाफना,श्रीकांत धर्माधिकारी, श्रीमती प्रज्ञाताई बंसोड,हरीभाऊ नासरे,प्राचार्य दिलीप राऊत प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

डॉ. निलेश डवले को अचीवर अवार्ड काउंसिल की आजीवन सदस्यता से सम्मानित किया गया

नवभारत न्यूज़
सौसर 12 जुलाई. समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. निलेश डवले को अचीवर अवार्ड काउंसिल की आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है। हाल ही में जारी आधिकारिक प्रमाण पत्र के माध्यम से उन्हें यह सम्मान समाज के प्रति उनके समर्पण और विकास कार्यों के लिए दिया गया है।

यह उपलब्धि डॉ. डवले की सामाजिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। अचीवर अवार्ड काउंसिल द्वारा जारी इस प्रमाण पत्र में उन्हें आजीवन सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है, जो न्याय और समानता के आदर्शों पर कार्य करती है। यह संस्था कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत पंजीकृत है। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों ने कहा कि डॉ. डवले जैसे समर्पित व्यक्तियों का सामाजिक विकास के कार्यों में जुड़ना समाज के लिए प्रेरणादायी है। यह मान्यता न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों को सम्मानित करती है, बल्कि भविष्य में और अधिक सामाजिक सुधार के कार्यों के लिए एक मजबूत आधार भी प्रदान करती है। डॉ. डवले का यह सम्मान समाज के निचले स्तर तक विकास की अलख जगाने वाले कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने वाला है।

30 ग्रामो में पहुंचा जन्मोत्सव प्रचार रथ

मुलताई। पवित्र नगरी में सूर्य पुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जन्मोत्सव के सप्त दिवसीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जन्मोत्सव प्रचार रथ रवाना किया है, जो प्रतिदिन ग्रामो में पहुंचकर प्रचार प्रसार कर रहा है। वहीं ग्रामीण रथ में सवार ताप्ती जल कलश का पूजन कर आमत्रंण स्वीकार कर है। रविवार को रथ कामथ, चिखली, दुनावा, सावरी, घाट बिरोली, हतनापुर सहित करीब 30 में पहुचा एवं प्रचार प्रसार किया,जहां ग्रामीणों ने रथ में ताप्ती जल कलश का पूजन किया। न्यास के सदस्य डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया 14 जुलाई को न्यास के ग्रामीण कार्यकर्ता ताप्ती जल कलश लेने मुलतापी आएंगे।

सतपुड़ा वैली के 21वें फाउंडेशन डे पर छात्र परिषद ने ली शपथ

बैतूल। सतपुड़ा वैली पब्लिक स्कूल में 21वें फाउंडेशन डे के अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय में आयोजित छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस दौरान सीबीएसई विंग में मोक्षा डागा तथा कैम्ब्रिज विंग में दीवा डागा ने भारी बहुमत से छात्र संघ अध्यक्ष (स्कूल कैप्टन) निर्वाचित होकर छात्र नेतृत्व की नई मिसाल पेश की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मला डागा एवं निलय विनोद डागा रहे, जबकि विद्यालय की डायरेक्टर दीपाली निलय डागा की विशेष उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं अनुशासित परेड प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शपथ ग्रहण समारोह में सीबीएसई विंग की छात्र परिषद के स्कूल कैप्टन मोक्षा डागा, कल्चरल कैप्टन नेतल अग्रवाल, डिसिप्लिन कैप्टन आशी खंडेलवाल एवं स्पोर्ट्स कैप्टन समर्थ चौहान ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहीं कैम्ब्रिज विंग में स्कूल कैप्टन दीवा डागा, कल्चरल कैप्टन दृष्टि नरवरे तथा स्पोर्ट्स कैप्टन सेजल साहू ने अपने दायित्व ग्रहण किए। सीबीएसई विंग के गुंजन हाउस के हाउस कैप्टन यश कावड़े एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव मोक्षदा धाकड़े, नीनाद हाउस की हाउस कैप्टन प्रगति जैन एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव अविराज चौहान, कलरव हाउस की हाउस कैप्टन जिज्ञासा गुजरे एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव रक्षित गोठी तथा झंकार हाउस के हाउस कैप्टन झबक पवार एवं हाउस रिप्रेजेंटेटिव बुरहानुद्दीन कुतबी ने भी शपथ लेकर अपनी जिम्मेदारियां संभालीं।

भुजलिया नाले में मिला कोल कर्मी का शव

सारनी। शोभापुर कॉलोनी के भुजलिया नाले में रविवार सुबह एक कोल कर्मी का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय रामबीरज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा और मर्ग की कायमी कर मामले को जांच में लिया है। वेकोलि सुरक्षा अधिकारी ऋतुराज ने बताया मृतक छतरपुर खदान में कार्यरत था। जिसका शव भुजलिया पुलिया में मिला है। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया है। लोगों का मानना है कि रात 8 बजे जब मंदिर

में आरती हुई तब तक रामबीरज को वहां देखा गया। संभावना व्यक्त की जा रही है कि लघु शंका करने नाले के पास रामबिरज गया होगा। इस दौरान नाले में गिर गया होगा। इस संबंध में पाथाखेड़ा पुलिस चौकी प्रभारी मनोज उइके ने बताया कि भुजलिया नाले में मिले शव की पहचान 50 वर्षीय रामबिरज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। पंचनामा, मर्ग की कायमी कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह का पता चल पायेगा।

बंद दादा धाम एक्सप्रेस ट्रेन को फिर से शुरू कराने की अर्जी लगाने पदयात्रा कर खंडवा धाम जाएंगे श्रद्धालु

नव भारत न्यूज
पांढुरना,12जुलाई, गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री श्री 1008 श्री धूनीवाले श्री दादाजी महाराज के समाधि स्थल खंडवा धाम तक जाने पांढुरना के श्रद्धालु लगभग 360 किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए भजलो दादाजी का नाम, भजलो हरिहर जी का नाम का संकीर्तन करते हुए गुरु चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं। इस वर्ष भी पांढुर्णा के दादाजी भक्त मनोज गुडधे गुरु पूर्णिमा पर निशान पदयात्रा करते हुए खंडवा धाम पहुंचेंगे और परमहंस श्री धूनीवाले दादाजी महाराज के चरणों में निशान अर्पित कर कोरोना संक्रमण काल से बंद दादा धाम एक्सप्रेस को पुन: प्रारंभ कराने की अर्जी लगाएंगे।

भक्तों की वर्षों पुरानी मांग पर शुरू हुई

थी दादा धाम एक्सप्रेस : नागपुर, पांढुर्णा, सौसर, मुलताई, बैतूल, हरदा एवं हरसूद सहित पूरे क्षेत्र के श्रद्धालुओं की लंबे समय से चली आ रही मांग पर पटेल सेवा समिति खंडवा के श्रद्धेय श्री कोमल भाऊ आखरे के प्रयास तथा तत्कालीन पांढुरना जिले के दादाजी के अनन्य भक्तों की आस्था को देख तत्कालीन केंद्रीय मंत्री कमलनाथ के अथक प्रयासों के चलते ही 18 जनवरी 2011 को दादा धाम एक्सप्रेस (अप 22112 एवं डाउन 22111) का शुभारंभ किया था। पांढुरना नगर जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। यह ट्रेन नागपुर से भुसावल वाया इटारसी होते हुए खंडवा तक चलती थी और श्रद्धालुओं को बिना ट्रेन बदले सीधे परमहंस धूनीवाले श्री दादाजी महाराज के समाधि स्थल तक पहुंचने की सुविधा उपलब्ध कराती थी। इस कारण यह ट्रेन श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और लोकप्रिय रेल सेवा बन गई थी।

कोरोना काल में बंद हुई, छह वर्ष बाद भी नहीं हुई बहाल-

सप्ताह में तीन दिन संचालित होने वाली दादा धाम एक्सप्रेस का संचालन वर्ष 2020 में कोरोना महामारी के दौरान बंद कर दिया गया था। छह वर्ष बीत जाने के बावजूद यह रेल सेवा आज तक पुन: प्रारंभ नहीं हो सकी है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं दादाजी भक्तों द्वारा कई बार रेल मंत्रालय को ज्ञापन सौंपे गए। पांढुर्णा में श्रद्धालुओं ने लगभग दो माह तक क्रमिक धरना भी दिया, लेकिन अब तक रेलवे की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

संकल्प पत्र में किया गया था ट्रेन शुरू कराने का वादा -

लोकसभा चुनाव से पूर्व छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के सांसद विवेक बंटी साहू ने अपने संकल्प पत्र में दादा धाम एक्सप्रेस को पुन: प्रारंभ कराने का वादा किया था। हालांकि उन्होंने अपनी ओर से इस ट्रेन को फिर से शुरू कराने के प्रयास किए ,लेकिन आज तक उन्हें सफलता नहीं मिल सकी ।

हजारों श्रद्धालुओं के लिए जीवनरेखा थी दादा धाम एक्सप्रेस

गुरु पूर्णिमा सहित विभिन्न धार्मिक अवसरों पर हजारों श्रद्धालु खंडवा स्थित धूनीवाले श्री दादाजी महाराज धाम के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। क्षेत्र के अनेक बुजुर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर श्रद्धालु इटारसी में ट्रेन बदलने में असमर्थ रहते हैं। कई यात्रियों को गलत ट्रेन में बैठ जाने या अतिरिक्त खर्च उठाने का भी भय बना रहता है। ऐसे में दादा धाम एक्सप्रेस उनके लिए सबसे सुविधाजनक साधन थी। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस ट्रेन के पुन: संचालन से हजारों भक्तों को सीधी, सुरक्षित और सरल यात्रा की सुविधा फिर से मिल सकेगी।

गुरु चरणों में रखी जाएगी हजारों श्रद्धालुओं की सामूहिक मांग

इस वर्ष मनोज गुडधे द्वारा निकाली जा रही निशान पदयात्रा केवल व्यक्तिगत आस्था का प्रतीक नहीं होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं की उस सामूहिक भावना का प्रतिनिधित्व करेगी, जिसमें वे श्री श्री 1008 श्री धूनीवाले श्री दादाजी महाराज के चरणों में निशान अर्पित कर दादा धाम एक्सप्रेस को शीघ्र पुन: प्रारंभ किए जाने की प्रार्थना करेंगे।

निशान पदयात्रा में शामिल होगा जत्था

इस निशान पदयात्रा के जत्थे में नर्मदा परिक्रमावासी शंकर महाराज, बालकृष्णा (मामा) पराड़कर,दिनेश बोकडे, शशिकांत अम्बुलकर, किशोर भाइक,उमेश बरगट, विवेक चऊत्रे, चेतन हेड़ाऊ, विवेक मानकर, रवी खोड़े,जितेंद्र काकड़े, शुभम खरवड़े, कुणाल पालीवाल, टिंकू बोबडे, जीतू गिरडकर, संदीप डहारे, आदि भक्त पदयात्रा में शामिल होंगे।

मवेशियों को पकड़ने शुरू किया अभियान

मुलताई। नगर के मुख्य मार्ग हो या फिर ताप्ती परिक्रमा मार्ग नगर की सड़कों पर गौवंश एवं मवेशिया घूमते रहते है, जिससे आम जन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रशासन द्वारा मवेशियों को पकड़ने के निर्देश कई बार दिए जा चुके। रविवार से नगरपालिका द्वारा मवेशी पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया है।अभियान के पहले ही दिन नगर पालिका की टीम ने लगभग एक दर्जन मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों और व्यस्त क्षेत्रों में घूम रहे मवेशियों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया है।